## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 14.03.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. एक राष्ट्र एक चुनाव पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी रिपोर्ट, संविधान के अनुच्छेद–325 में संशोधन की सिफारिश।
2. रांची में आज पूर्वी क्षेत्र के सबसे बड़े शहद टेस्टिंग लैब की रखी जाएगी नींव, शहद उत्पादकों को घरेलू बाजार के साथ निर्यात का भी मिलेगा अवसर।
3. राजधानी रांची में अवैध वाटर कनेक्शन की जांच के लिए चलेगा छापेमारी अभियान, बिना लाइसेंस के संचालित तेईस वाटर प्लांट को नोटिस जारी, तीन दिनों में मांगा जवाब।
4. राज्य सरकार आज खिलाड़ियों को देगी सहायता राशि, चयनित खेल प्रशिक्षकों को मिलेगा नियुक्ति पत्र, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की भी होगी शुरूआत।

*********************

एक राष्ट्र एक चुनाव पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को आज अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। लोकसभा, विधानसभा, नगर निकाय और पंचायत चुनाव साथ कराने की संभावनाओं को लेकर इस रिपोर्ट में संविधान के अनुच्छेद–325 में संशोधन और एकल मतदाता सूची की सिफारिश की है। समिति ने रिपोर्ट तैयार करने के क्रम में सार्वजनिक नोटिस जारी कर आम लोगों के सुझाव भी लिए थे। इस समिति का गठन पिछले वर्ष सितंबर में हुआ था।

*********************

केंद्रीय कृषि और जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा आज रांची में शहद टेस्टिंग लैब का शिलान्यास करेंगे। राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण परिसर में स्थापित होने वाला यह पूर्वी भारत का सबसे बड़ा शहद टेस्टिंग लैब होगा। इससे शहद उत्पादक किसानों को घरेलू बाजार के साथ निर्यात का भी अवसर मिलेगा। इस अवसर पर मधुमक्खी पालन विकास केंद्र और बांस संवर्धन परियोजना की भी शुरुआत होगी।

*********************

झारखंड लोक सेवा आयोग, जेपीएससी की सत्रह मार्च को होने वाली 11 वीं से 13 वीं संयुक्त सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए राज्य के सभी चौबीस जिलों में आठ सौ चौंतीस परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर लगभग साढ़े तीन लाख अभ्यर्थी शामिल होंगे।. यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। इसके लिए आयोग की वेबसाइट से अभ्यर्थी एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

*********************

झारखंड उच्च न्यायालय ने एम्स देवघर में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के मामले में राज्य सरकार को शपथ पत्र दायर करने को कहा है। न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत ने सांसद निशिकांत दूबे द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाइड्रोलिक फायर फाइटिंग मशीन, प्रतिदिन तीन मिलियन लीटर पेयजल और प्रस्तावित केंद्रीय विद्यालय के लिए जमीन अधिग्रहण को लेकर संबंधित विभागों और जिले के उपायुक्त से जवाब मांगा है।

*********************

रेल मंत्रालय ने यात्रियों की सहूलियत के लिए रांची–जयनगर–रांची होली स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन रांची से तेईस मार्च को रात ग्यारह बजकर पचपन मिनट पर खुलेगी और अगले दिन साढ़े चार बजे जयनगर पहुंचेगी। वहीं, जयनगर से यह ट्रेन चौबीस मार्च को रात ग्यारह बजकर पचास मिनट पर खुलेगी और अगले दिन शाम चार बजकर पैंतालीस मिनट पर रांची पहुंचेगी।

*********************

दुमका लोकसभा सीट के लिए होने वाले चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी है।

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.com पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।
********************

रांची नगर निगम द्वारा पानी चोरी करने वालों के खिलाफ एक महीने तक जांच अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान बिना वाटर कनेक्शन के पानी का इस्तेमाल करने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा। इसके लिए धावा दल का गठन किया गया है, जो मोहल्लों में अवैध वाटर कनेक्शन की जांच करेगा। उधर, निगम की ओर से कल विभिन्न वाटर प्लांटों पर छापेमारी अभियान चलाया गया। इसमें बिना लाइसेंस के चल रहे तेईस वाटर प्लांटों को नोटिस जारी कर तीन दिनों के अंदर जवाब देने को कहा गया है। उधर, चतरा नगर परिषद ने नोटिस दिए जाने के बाद भी बड़े बकाएदारों द्वारा होल्डिंग टैक्स जमा नहीं करने वालों का बैंक खाता फ्रीज करने का निर्देश दिया है।

********************

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कल चतरा के दौरे पर आएंगे। वे ईटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर में पूजा–अर्चना करेंगे। इसके बाद चतरा लोक सभा क्षेत्र के बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे। श्री सिंह इस मौके पर केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रही विकास योजनाओं से लोगों को अवगत कराएंगे। रक्षा मंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं।

********************

भारी उद्योग मंत्रालय ने भारत में इलेक्ट्रॉनिक वाहनों–ईवी को बढ़ावा देने की प्रक्रिया एक अप्रैल से जुलाई महीने तक चलेगी। इस योजना के अंतर्गत पंजीकृत ई–रिक्शा, ई–कार्टस और एल–5 मोटर वाहन सहित सिर्फ इलेक्ट्रिक दोपहिया और इलेक्ट्रिक तीन पहिया वाहन स्वीकृत होंगे। इसके अलावा सिर्फ उन्नत बैटरी वाले इलेक्ट्रिक वाहन उन्नत प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के योग्य होंगे।

********************

राज्य सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में खेल निदेशालय की ओर से झारखंड मंत्रालय में आज आयोजित होने वाले समारोह में खिलाड़ियों को खिलाड़ी कल्याण से सहायता राशि और खेल सामग्री प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर खेल मंत्री हफीजुल हसन नवनियुक्त खेल प्रशिक्षकों को नियुक्ति पत्र भी सौंपेंगे। इसके अलावा सेंटर फॉर एक्सीलेंस की भी शुरूआत की जाएगी।

********************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें–

- पुलिस मुख्यालय ने सहायक अवर निरीक्षक से अवर निरीक्षक में प्रोन्नत एक हज़ार एक सौ बत्तीस पुलिस कर्मियों के अंतर जिला तबादला का आदेश जारी कर दिया है।
- जमशेदपुर के गोपाल मैदान में 21 मार्च तक चलने वाले स्वदेशी मेले का शुभारंभ सांसद विद्युत वरण महतो ने किया। इस मेले में सत्रह राज्यों के उद्यमियों ने तीन सौ से ज्यादा स्टॉल लगाए हैं।
- सरायकेला के कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत निबंध, वाद–विवाद, पेंटिंग और स्लोगन लेखन समेत कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

- गिरिडीह जिले की उत्पाद विभाग की टीम ने बिरनी थाना क्षेत्र स्थित बरमसिया में एक वाहन से लगभग चार सौ अस्सी लीटर अवैध शराब बरामद की है। इस मामले में शराब विक्रेता और वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।
- देवघर जिले के उपायुक्त विशाल सागर की अध्यक्षता में जिला स्थापना और अनुकम्पा समिति की बैठक में तेरह आवेदनों का निपटारा किया गया।
- गोड्डा जिले के ठाकुरगंगटी थाना क्षेत्र स्थित फुलवरिया गांव में कल रात आग लगने से दस घर जल गए। इधर, प्रखंड प्रशासन द्वारा प्रभावित परिवारों के बीच पर राहत सामग्री का वितरण किया गया।
- राजधानी रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में पहली हॉकी रांची लीग बीस अप्रैल से शुरू होगी। इस लीग में राज्य के किसी भी जिले की टीम भाग ले सकती है।
- जमशेदपुर में संगीत नाटक अकादमी की ओर से आयोजित चार दिवसीय नृत्य–गीत कार्यक्रम का आज समापन होगा। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए कलाकार  प्रस्तुति दे रहे हैं।

*********************

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने अश्लील कंन्टेंट प्रसारित करने वाले 18 ओटीटी प्लेटफार्मों को प्रतिबंधित कर दिया है। इसके अलावा 19 वेबसाइट, 10 ऐप और 57 सोशल मीडिया हैंडल पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। मंत्रालय ने बताया कि इन प्लेटफॉर्म को कई बार चेतावनी दी गयी फिर भी वे अश्लील कंन्टेंट का प्रसारण करते रहे। इस वजह से इनके खिलाफ यह कार्रवाई की गयी है।

******समाप्त*********